देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 89 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, शुक्रवार, 3 जुलाई 2020

**विचार-प्रवाह...**बयानों में गैरजिम्मेदारी





मौसम अधिकतम 35.0° न्यूनतम 26.0°

35414.45

2 नेपाली पीएम ओली को साथ पाकिस्तान

7 चैपल ने नहीं बर्बाद किया मेरा करियर

## संक्षिप्त समाचार

### पीएम नरेंद्र मोदी की व्लादिमीर पुतिन से फोन पर बात

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। रूस के इतिहास में आज खास दिन है, इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने व्लादिमीर पुतिन से बात की। उन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध में जीत की 75वीं वर्षगांठ पर रूस को बधाई दी। इसके साथ ही पुतिन को 2036 तक के लिए राष्ट्रपति चुने जाने की बधाई भी दी। ऐसा संविधान में संसोधन के बाद हुआ है। रूस में पिछले दिनों इसके लिए वोटिंग हुई थी, जिसके नतीजे अब आ गए हैं। रूस ने कहा कि भारत और रूस के बीच सामरिक सबंध और मजबूत होंगे। चीन से गतिरोध के बीच पुतिन का यह बयान अहम है।

### अब लद्दाख में हिली धरती

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लेह। जम्मू-कश्मीर में लगातार भूकंप के बाद लद्दाख में गुरुवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता 4.5 बताई जा रही है। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर के कटरा में भी 3.6 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। नैशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार, भूकंप का केंद्र करगिल से 119 किमी उत्तर-उत्तरपश्चिम दूर था। दोपहर 1 बजकर 11 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। फिलहाल किसी तरह के हताहत की खबर नहीं है। यहां 2 बजकर 2 मिनट पर झटके महसूस किए गए।

### बाबरी: लखनऊ की अदालत में पेश हुईं उमा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लखनऊ। अयोध्या में बाबरी विध्वंस मामले में बीजेपी की वरिष्ठ नेता उमा भारती लखनऊ में विशेष सीबीआई अदालत में पेश हुईं। इस मामले में अदालत में बयान दर्ज कराने वाली वह 19वीं अभियुक्त हैं। बता दें कि विशेष सीबीआई अदालत 6 दिसंबर 1992 को अयोध्या में बाबरी मस्जिद विध्वंस मामले में अभियुक्त 32 लोगों के बयान दर्ज कर रही है।

# इस बार कांवड़ यात्रा स्थगित

### कुंभ को लेकर सरकार ने कसी कमर

**संवाददाता**

देहरादून। इस बार कांवड़ यात्रा स्थगित करने पर मुहर लग गई, जबकि आगामी कुंभ मेला का आयोजन निर्धारित समय अवधि में संपन्न हो इसके लिए सभी अखाड़ों की भी सहमति है। सरकार ने कुंभ को लेकर कमर कस ली है। गुरुवार को कुंभ और कांवड़ को लेकर सरकार की रणनीति के बारे मे काबीना मंत्री मदन कौशिक ने जानकारी दी।

राज्य सरकार आगामी कुंभ मेले के सफल आयोजन के लिए प्रयासरत है। कुंभ का आयोजन निर्धारित समय अवधि में संपन्न हो इसके लिए सभी अखाड़ों की भी सहमति है।

कुंभ की व्यवस्थाओं के अंतर्गत किए जा रहे स्थाई प्रकृति के कार्यों को निर्धारित अवधि में पूर्ण करने के प्रयास किए जा रहे हैं। हरिद्वार को जोड़ने वाले प्रमुख मार्गों, पुलों आदि के निर्माण, पुनर्निर्माण के कार्य प्रगति पर हैं। श्रावण माह में हरिद्वार में आयोजित होने वाले कांवड़ मेले को कोविड-19 के दृष्टिगत स्थगित किया जा रहा है, इस संबंध में यूपी, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान व हिमाचल के मुख्यमंत्रियों से मुख्यमंत्री की वार्ता हुई है। सभी ने वर्तमान संकट को ध्यान में रखते हुए इसके लिये सहमति जतायी है।

कांवड़ के दृष्टिगत पड़ोसी राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों, उप राज्यपालों एवं मंत्रिगणों के माध्यम से उनके प्रदेशों को गंगाजल उपलब्ध कराने का अभिनव प्रयास राज्य सरकार द्वारा किया जायेगा।

गंगाजल के लिये हरिद्वार आने वाले श्रद्धालुओं को उनके समीप के प्रमुख मंदिरों में गंगा जल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। प्रदेश सरकार द्वारा पीतल के बड़े कलशों में हर की पैड़ी से गंगा जल भरकर संबंधित प्रदेशों को उपलब्ध कराया जायेगा। समिति द्वारा कार्यों की नियमित समीक्षा की जायेगी।

### आगामी कुंभ मेले के आयोजन को लेकर कौशिक ने ली बैठक



#### अखाड़ों की भी सहमति आवश्यक

राज्य सरकार सभी 13 अखाड़ों को उनके स्तर पर श्रद्धालुओं के लिए की जाने वाली आवश्यक अवस्थापना सुविधाओं के विकास के लिए कुंभ मेला प्रयाग की भांति यथासंभव आर्थिक सहयोग दिए जाने पर विचार कर रही है। इससे अखाड़ों को जन सुविधाओं व मूलभूत सुविधाओं के विकास में सुविधा होगी। जिन अखाड़ों के पास अपनी भूमि उपलब्ध होगी उन्हीं को अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु धनराशि उपलब्ध करायी जायेगी। अखाड़ों के अधीन होने वाले कार्यों के लिये कार्यदायी संस्था का भी निर्धारण शीघ्र किया जायेगा।

#### छड़ी यात्रा का किया जायेगा संचालन

गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी छड़ी यात्रा का संचालन किया जायेगा। इसमें सीमित लोगों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। यह यात्रा उत्तराखंड की सांस्कृतिक एकता की प्रतीक है। परम्परानुसार जूना अखाड़े से पवित्र छड़ी यमुनोत्री, गंगोत्री होते हुए केदारनाथ और बदरीनाथ जाती है। बद्रीनाथ से यह छड़ी कुमाऊं मंडल के विभिन्न तीर्थ स्थलों से होते हुए वापस जूना अखाड़ा हरिद्वार पहुंचेगी और माया देवी मंदिर में प्रतिष्ठित की जाती है।

हरिद्वार में चूंकि प्रति माह कोई न कोई आयोजन होता रहता है अतः अवस्थापना सुविधाओं के विकास से इसमें सुविधा होगी। हरिद्वार में आयोजित होने वाले विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों व आयोजनों में भले ही सीमित संख्या में श्रद्धालू आयें लेकिन आते जरूर हैं।

# जमातियों पर सुप्रीम कोर्ट में केंद्र की दो टूक

### ब्लैक लिस्ट जमाती फिलहाल नहीं जा पाएंगे अपने देश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। तबलीगी जमात की गतिविधियों में कथित तौर पर शामिल होने के कारण ब्लैक लिस्ट किए गए 2500 विदेशी नागरिक फिलहाल अपने देश नहीं जा पाएंगे। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में यह जानकारी देते हुए बताया कि इन लोगों की स्वदेश वापसी तब तक नहीं होगी जबतक उनके खिलाफ भारत में किसी भी राज्य में दर्ज आपराधिक मुकदमें की सुनवाई भारत की अदालतों में पूरी नहीं हो जाती। बता दें कि पिछली सुनवाई में शीर्ष अदालत ने केंद्र से जवाब मांगा था और सुनवाई 2 जुलाई तक के लिए टाल दिया था।

**शीर्ष अदालत बोली- तब जाना होगा हाई कोर्ट:** केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि वीजा रद्द करने को लेकर हर विदेशी जमाती के मामले में सरकार द्वारा अलग-अलग आदेश पारित किया गया है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि फिर तो हर प्रभावित जमाती को हाईकोर्ट जाना चाहिए। 35 देशों के 2500 लोगों को ब्लैक लिस्ट करने के भारत सरकार के आदेश को चुनौती दी गई है। शीर्ष अदालत ने तबलीगी जमात के सदस्यों को प्रत्यर्पण अधिकारियों के सामने अपनी बात रखने को कहा। साथ ही कोर्ट ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि वे सभी तथ्य अथॉरिटी के सामने रखे। सुप्रीम कोर्ट में अगली सुनवाई 10 जुलाई को। इस बीच सरकार उन्हें उनके बारे में जारी आदेश की कॉपी देगी।

#### केंद्र ने कोर्ट के बताया जमातियों के अपराध

कोरोना महामारी के दौरान कोरोना को लेकर भारत सरकार के दिशानिर्देशों और राज्य सरकारों और पुलिस के आदेश का उल्लंघन करने पर हजारों जमाती के खिलाफ विभिन्न राज्यों में आपराधिक मामले दर्ज हैं। जिनकी सुनवाई अदालतों में होनी बाकी है। केन्द्र सरकार ने हजारो जमाती को ब्लैकलिस्ट कर उनके वीजा रद्द कर दिए थे, सरकार के इस आदेश के खिलाफ विदेशी जमाती ने सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं दायर की हैं। मामले की अगली सुनवाई 10 जुलाई को होगी।

### भारत में 6 लाख हुए कोरोना के मरीज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली, एएनआइ। भारत में कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इसके साथ ही ठीक होने वाले मरीजों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। अब तक लगभग 59.52 फीसद मरीज ठीक हो चुके हैं। देश में संक्रमितों का आंकड़ा छह लाख को पार कर गया है, जबकि लगभग 3.60 लाख लोग पूरी तरह से ठीक भी हो चुके हैं। वहीं, बीते 24 घंटों के दौरान 19 हजार से ज्यादा नए मामले भी सामने आए हैं। पिछले पांच दिनों से लगातार 18 हजार से ज्यादा नए मामले सामने आ रहे हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना वायरस के 19,148 नए मामले सामने आए हैं, जबकि 434 लोगों की मौत हुई है। भारत में कोरोना वायरस के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 6 लाख 04 हजार 641 हो गई है।

# रक्षा मंत्री राजनाथ का लेह दौरा टला

■एलएसी पर तनाव का लेने वाले थे जायजा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ का लद्दाख दौरा फिलहाल के लिए स्थगित हो गया है। वह शुक्रवार को सेना प्रमुख के साथ लद्दाख जानेवाले थे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को लद्दाख में चीनी सेना के साथ सीमा पर गतिरोध के मद्देनजर भारत की सैन्य तैयारियों का जायजा लेना था। लेकिन अब उनके कार्यक्रम को रीशेड्यूल किया जा रहा है। इसलिए वह शुक्रवार यानी कल लद्दाख नहीं जाएंगे।

पांच मई को दोनों देशों की सेनाओं के बीच गतिरोध के बाद यह रक्षा मंत्री का पहला लद्दाख दौरा होता। इसमें उनके साथ सेना प्रमुख जनरल एम एम नरवणे होते। नरवणे कुछ दिन पहले ही लद्दाख के दौरे से लौटे हैं। राजनाथ सिंह के दौरे के पीछे सैनिकों का मनबोल बढ़ाना वजह माना जा रहा था।

सेना प्रमुख नरवणे ने 23 और 24 जून को लद्दाख का दौरा किया था जिस दौरान उन्होंने वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के साथ बैठकें की थीं। इससे पहले जनरल नरवणे ने 22 मई को लेह का दौरा किया था। भारत और चीन की सेनाओं के बीच पिछले सात हफ्तों से पूर्वी लद्दाख क्षेत्र में कई जगहों पर गतिरोध की स्थिति बनी हुई है।

15 जून की रात को गलवान घाटी में हिंसक झड़पों में 20 भारतीय सैनिकों के शहीद होने के बाद तनाव और बढ़ गया।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# आपको चैन से नहीं बैठने दूंगा

### मध्य प्रदेश में 28 मंत्रियों ने ली शपथ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

भोपाल। मध्य प्रदेश में दो महीने से टल रहा मंत्रिमंडल(कैबिनेट) विस्तार आज पूरा हो गया। एमपी की शिवराज सिंह चौहान मंत्रिमंडल में आज कुल 28 मंत्रियों ने शपथ ली। इन 28 मंत्रियों में से 20 लोगों ने कैबिनेट मंत्री की शपथ ली, वहीं 8 मंत्रियों को राज्यमंत्री की शपथ दिलाई गई। भोपाल के राजभवन में आयोजित हुए इस शपथ ग्रहण समारोह में मध्य प्रदेश की प्रभारी राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने इन सभी मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

शिवराज कैबिनेट में अब कुल मिलाकर 33 मंत्रियों ने शपथ ले ली है। इससे पहले एमपी में पहले कैबिनेट विस्तार में 5 मंत्रियों ने शपथ ली थी। शिवराज ने कैबिनेट मीटिंग की शुरुआत भगवान गणेश के श्लोक के साथ की। इसके बाद मंत्रियों को तत्काल काम में जुटने की सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि न में चौन से बैठूंगा, न आप को बैठने दूंगा।